आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 01.02.2026 समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा– केंद्रीय बजट, आर्थिक वृद्धि में तेज़ी लाने, लोगों के क्षमता निर्माण और सभी को संसाधन, सुविधाएं तथा अवसर प्रदान करने के तीन कर्तव्यों से प्रेरित।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– केंद्रीय बजट 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप प्रस्तुत करता है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय बजट 2026–27 को देश और राज्यों के विकास को नई दिशा देने वाला बताया। कहा– बजट से राज्य को विकास के लिये अतिरिक्त संसाधन प्राप्त होंगे।
- और, पौड़ी जिले के कोटद्वार में आयोजित दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल संपन्न।

केंद्रीय बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में कल वित्त वर्ष–2026–27 का बजट पेश किया। बजट 2026–27 में विशेष रूप से क्षमता निर्माण और सुधारों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट आर्थिक वृद्धि में तेज़ी लाने, लोगों के क्षमता निर्माण और सभी को संसाधन, सुविधाएं तथा अवसर प्रदान करने के तीन कर्तव्यों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि बजट में आत्मनिर्भर भारत को लक्ष्य मानकर लोक निवेश पर अधिक बल देते हुए ढांचागत सुधारों, राजकोषीय मितव्ययिता और मौद्रिक स्थिरता का अनुसरण किया गया है।

वित्त मंत्री ने छह सेक्टर में नई पहल का प्रस्ताव किया। इनमें रणनीतिक क्षेत्रों में विनिर्माण तेज करना, औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम चैंपियन उद्यमों का निर्माण करना, बुनियादी ढांचे को सशक्त करना, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना तथा शहरी आर्थिक क्षेत्र विकसित करना शामिल हैं।

वित्त मंत्री ने मेघा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने तथा खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प की मजबूती के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना के शुभारंभ का प्रस्ताव किया। इस नई पहल से बुनकरों, ग्रामीण उद्योगों, एक जिला–एक उत्पाद और ग्रामीण युवाओं को लाभ होगा।

बजट प्रतिक्रिया–प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्रीय बजट 2026–27 मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को नई गति देने के लिए एक महत्वाकांक्षी मार्ग प्रशस्त करता है। एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष का बजट भारत में परिवर्तनों को नवीन ऊर्जा और गति प्रदान करेगा।

उधर, कांग्रेस ने बजट की आलोचना की है। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह बजट देश की कई आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों का कोई एक समाधान प्रस्तुत नहीं करता।

बजट–मुख्यमंत्री प्रतिक्रिया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय बजट 2026–27 की सराहना करते हुए कहा है कि यह बजट देश और राज्यों के विकास को नई दिशा देने वाला है और सभी वर्गों के लिए अवसरों को बढ़ाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि बजट में आर्थिक विकास को तेज करने, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और सबका साथ–सबका विकास के लक्ष्य को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड और जम्मू–कश्मीर के लिए पर्यावरण–अनुकूल माउंटेन ट्रेल्स विकसित करने की योजना महत्वपूर्ण है। उत्तराखण्ड के संदर्भ में बजट में पर्यटन और बुनियादी ढांचे पर दिया गया जोर राज्य के विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसानों, पशुपालन, उच्च मूल्य कृषि, पर्यटन और एमएसएमई से जुड़े प्रावधान राज्य की ग्रामीण और पर्वतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे।

श्री धामी ने कहा कि इस बजट से राज्य को विकास के लिये अतिरिक्त संसाधन प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार बजट में घोषित योजनाओं और प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए केंद्र सरकार के साथ पूरा सहयोग करेगी।

बजट प्रतिक्रिया

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि यह बजट विकास को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि बजट, विकसित भारत 2047 की ओर देश के बढ़ते कदम की झलक दिखाता है।

बजट सत्र के पारित होने के बाद इसे लेकर स्थानीय स्तर पर अलग–अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। व्यापारियों, महिलाओं और आम लोगों ने बजट को लेकर अपनी राय साझा की। बागेश्वर ज़िले में व्यापार मंडल के सचिव देवेंद्र अधिकारी ने कहा कि बजट में कई ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जिनका असर आने वाले समय में देखने को मिलेगा। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के लिए हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था को सराहा और कहा कि इससे महिलाओं को सीधा लाभ होगा। वहीं व्यापारियों और स्थानीय लोगों का मानना है कि यह बजट आम आदमी के काफी करीब है और भविष्य में इस बजट से देश को लाभ मिलेगा।

बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल

पौड़ी जिले के कोटद्वार में आयोजित दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग फेस्टिवल संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी और बर्ड वॉचिंग न केवल मानसिक सुकून प्रदान करती है, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ने का एक रोमांचक और रचनात्मक माध्यम भी है।

उन्होंने कहा कि बच्चों को कम उम्र से ही बर्ड वॉचिंग और प्रकृति फोटोग्राफी के प्रति जागरूक करना आवश्यक है, ताकि वे पर्यावरण को बेहतर ढंग से समझ सकें और उसके संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनें। विधानसभा अध्यक्ष ने मानव और वन्यजीवों के बीच संतुलन और सामंजस्य को अत्यंत आवश्यक बतायझं इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया।

और एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

रविवार को वित्त मंत्री निर्मला सीमारमण ने नौवां बजट पेश किया। बजट को लेकर सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है – चुनौतियों के बीच उम्मीदों को रफ्तार। दैनिक जागरण लिखता है – समृद्ध भारत के लिए सधे कदम। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है – आत्म निर्भर भारत का लक्ष्य पाने के लिए सरकार ने सुधार एक्सप्रेस को रफ्तार दी।

उत्तराखंड का केंद्रीय बजट में सौगात मिली है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– केंद्रीय कर : उत्तराखंड का हिस्सा 1841 करोड़ बढ़ा।

प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के समाचारों को भी सभी समाचार पत्रो ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है – गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में हुई जमकर बर्फबारी।